

## एक नजर में



### दुर्गा शक्ति सम्मान से डॉ. अनामिका अलंकृत

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान में दुर्गा सशक्त भाव वेलफेयर सोसाइटी द्वारा नारी शक्ति सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान संगीत, कला और मंच संचालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट व अतुलनीय योगदान के लिए डॉ. अनामिका शर्मा को दुर्गा शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ. अनामिका शर्मा को यह सम्मान आईपीएस अधिकारी वीरेंद्र मिश्रा, कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज, दुर्गेश नंदिनी शर्मा, डॉ. दीपा बजाज और भावना जोशी ने प्रदान किया। इस गरिमामयी कार्यक्रम का संचालन भी डॉ. अनामिका शर्मा ने ही किया। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी अनामिका शर्मा राष्ट्रीय स्तर के आयोजनों में अपनी प्रस्तुतियां देकर उज्जैन का मान बढ़ा चुकी हैं।



### उज्जैन जिला युवा कांग्रेस की बैठक

**उज्जैन।** जिला युवा कांग्रेस की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष अर्पित यादव के नेतृत्व में आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस की सह-प्रभारी दीपाली ससाने, भारतीय युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव मोनिका मांडरे, जोन प्रभारी नीरज पटेल और जिला प्रभारी दिव्यांशु सिंह परिहार उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश महासचिव रेणुका गांधी, जिला उपाध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर, महिदपुर विधानसभा अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह डोडिया, बड़नगर विधानसभा अध्यक्ष देवेश पाटीदार, उज्जैन उत्तर विधानसभा अध्यक्ष यश जैन, उज्जैन दक्षिण विधानसभा अध्यक्ष यशराज सिंह चावड़ा और नागदा-खाचरौद विधानसभा अध्यक्ष वीरम गुर्जर ने हिस्सा लिया। साथ ही विधानसभा उपाध्यक्ष चितवन मालपानी, घट्टिया विधानसभा उपाध्यक्ष कृष्णपाल सिंह सोलंकी सहित जिले के समस्त पदाधिकारी एवं सभी ब्लॉक अध्यक्षों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



### परशुराम यात्रा का अभिनंदन किया

**उज्जैन।** अक्षय तृतीया परशुराम प्रकोट्सव के अवसर पर महाकाल मंदिर से टावर तक ब्राह्मण समाज द्वारा निकाली गई, परशुराम दर्शन यात्रा का मालीपुरा से पुष्पमाला, पुष्पवृष्टि तथा केशरिया सरोपा से अभिनंदन किया, इस अवसर पर बैंक के अध्यक्ष श्री अनिलसिंह चंदेल, उपाध्यक्षद्वेय- ठाकुर हरदयालसिंह एडवोकेट, एस.एन.शर्मा एवं संचालक सर्व श्री पुरुषोंत्तम मिस्त्री, श्रीराम सांखला, निशात त्रिपाठी, गीता रामी, मोतीलाल निर्मल, राजेश गुप्ता तथा प्रतिनिधि-हिमांशु जोशी तथा मुख्य महाप्रबंधक पंकज कवठेकर सहित बड़ी संख्या में बैंक परिवार उपस्थित था।



### सहायक शिक्षक का सेवानिवृत्ति पर सम्मान

**उज्जैन।** इंदौर रोड स्थित एक होटल में म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ, उज्जैन द्वारा सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सहायक शिक्षक अरविन्द कुमार जायसवाल को उनके 39 वर्षों की शासकीय सेवा पूर्ण होने पर सम्मानित किया गया। संघ के अध्यक्ष मोकम सिंह पटेल ने बताया कि अरविन्द कुमार जायसवाल ने 13 मार्च 1987 से 31 मार्च 2026 तक सहायक शिक्षक के रूप में निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ सेवाएं दीं। उनके कार्यकाल को उत्कृष्ट और प्रेरणादायक बताया गया। समारोह में संघ के पदाधिकारियों, प्राथमिक विद्यालय गंगेडी के स्टाफ, विद्यार्थियों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम में मोतीलाल निर्मल, मोकम सिंह पटेल, श्रीकांत उदगीर, दिनेश नागर, भूपेन्द्र सिंह यादव, रफी अहमद जैदी, कमलेश मीणा, राम नारायण सहरिया सीनियर ऑडिटर, विजय जायसवाल, आंजना, सरपंच गंगेडी सहित अन्य पदाधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# यह सड़क नहीं उज्जैन विकास की है बानगी

**कोठी रोड का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण, पूरे मार्गों को दुल्हन की तरह सजाया, सीएम इस भव्य मार्ग पर पैदल चले**



**उज्जैन।** शहर के बहुप्रतीक्षित कोठी रोड से देवास रोड एवं विक्रम नगर तक विस्तारित मार्ग चौड़ीकरण कार्य का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोकार्पण किया।स्वय सीएम इस मार्ग पर पैदल चले।

लगभग 18 करोड़ रुपए की लागत से तैयार 2100 मीटर लंबे इस मार्ग ने अब उज्जैन के शहरी स्वरूप को नई पहचान दे दी है। पहले 6 से 10 मीटर चौड़ा यह मार्ग अब 18 से 24 मीटर तक विस्तारित होकर न सिर्फ यातायात को सुगम बनाएगा, बल्कि सिंहस्थ और भविष्य के शहरी विस्तार के लिहाज से भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

लोकार्पण अवसर को उत्सव का रूप देते हुए पूरे मार्ग को भव्य सजावट से सजाया गया है। डमरू वादन, शंखनाद और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच यह मार्ग आस्था और विकास के संगम का प्रतीक बन गया है।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. मोहन यादव स्वय इस मार्ग पर पैदल चले और निरीक्षण किया।सीएम ने कहा यह सिर्फ एक सड़क का उद्घाटन नहीं, बल्कि उज्जैन के बदलते स्वरूप और विकास की नई इबारत का प्रतीक है। नगर निगम द्वारा किए गए इस कार्य से स्पष्ट है कि शहर अब आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ अपनी सांकृतिक पहचान को भी मजबूती से आगे बढ़ा रहा है। आने वाले समय में यह मार्ग उज्जैन के प्रमुख विकास पथ के रूप में पहचाना जाएगा।

### देर रात पुन: लौटे मुख्यमंत्री

विशेष निधि योजना के अंतर्गत संकुल भवन से विक्रम नगर, देवास रोड की कनेक्टिविटी सड़क निर्माण, सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया तो तालियां बज उठी। खास बात यह है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस अहम कार्य के लिए एक बार पुन: शाम को लौटकर उज्जैन आए, रविवार की सुबह सीएम ने विवाह समारोह में शामिल होकर वर वधुओं को जहां आशीर्वाद दिया, वहीं शाम को सड़क की सौगात दी। बता दें कि आज के दिन मुख्यमंत्री को दो बार उज्जैन आना पड़ा। पहला तो अक्षया तृतीया का कार्यक्रम दूसरा सड़क की सौगात देना थी।

### कार्यक्रम में यह प्रमुख भी रहे मौजूद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जब सड़क का लोकार्पण किया तो इस दौरान उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल निगम, उज्जैन संभाग आयुक्त आशीष सिंह, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा की उपस्थित रहे। साथ ही दौरान एमआईसी सदस्य शिवेंद्र तिवारी, रजत मेहता अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, कार्यपालन यंत्री हिमांशु तिवारी, झोनल अधिकारी जितेंद्र पाल सिंह जादौन, उपयंत्री मुकुल मेश्राम भी उपस्थित रहे।

## ढांचा भवन गोलीकांड में फरार बदमाश पकड़ाया

**उज्जैन। ढांचा भवन में फर्जी गोली कांड में फरार बदमाश को पुलिस ने बीती रात गिरफ्तार कर लिया बदमाश का एक साथी भी पुलिस की गिरफ्त में है दोनों की निशानी पर देशी कट्टा बरामद किया गया है।**



चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि सप्ताह भर पहले ढांचा भवन में रहने वाला छात्र अतीक पिता विपिन माहुरकर गोली लगने पर घायल हो गया था। घायल के बयान दर्ज कर आला बाथम और उसके साथी के खिलाफ जानलेवा हमले का मामला दर्ज किया गया था। लेकिन जांच में गोली लगने का मामला फर्जी होना सामने आया था। पुलिस ने मामले में अतीक को गिरफ्तार कर उसके अन्य साथियों को आरोपी बनाया था। जिसमें कुख्यात बदमाश रौनक गुर्जर का नाम भी शामिल था। गोली चलाकर आला बाथम के खिलाफ साजिश रचने वालों की द्वारा तलाश की जा रही थी। 7 दिन बाद बीती रात को पुलिस ने साजिश में शामिल बंटी मालवीय को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को उसका साथी रौनक उर्फ गप्पी भी मिला है। जो बंटी को फरारी के लिए अपने रिश्तेदार के घर सीहोर ले गया था। पुलिस के अनुसार दोनों के निशानदेही पर देशी कट्टा बरामद किया गया है। जिससे अतीक को गोली लगी थी। अब साजिश में रौनक गुर्जर की तलाश में पुलिस द्वारा कई ठिकानों पर दबिश से दी जा रही है।

## दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष की सजा

**उज्जैन।** शहर के नीलगंगा थाना क्षेत्र में 16 वर्ष से कम उम्र की एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को विशेष न्यायालय ने 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही न्यायालय ने दोषी पर दो हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

जानकारी अनुसार घटना 16 मई 2025 की रात लगभग 12.30 बजे की है। आरोपी मनोहर पिता सत्यनारायण राठौर, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम सरवन थाना उन्हेल ने पीड़िता को फोन कर जरूरी बात करने के बहाने नीचे बुलाया था। इसके बाद आरोपी उसे फरियादी के घर के सामने स्थित मल्टी के कमरे में ले गया, जहां उसने नाबालिग की इच्छा और सहमति के बिना उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के तीन दिन बाद पीड़िता ने अपनी मां को आपबीती बताई, जिसके बाद परिजनों ने नीलगंगा थाने पहुंचकर शिकायत की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी मनोहर राठौर के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम की धारा 3 व 4 के तहत प्रकरण दर्ज किया। पुलिस ने संपूर्ण अन्वेषण के बाद न्यायालय में अभियोग पत्र पेश किया। विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट 2012 एवं षष्ठम अपर सत्र न्यायाधीश हर्ष भदौरिया की अदालत में हुआ। प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजन अधिकारी सूरज बछेरिया और पीड़िता की ओर से अधिवक्ता मोहम्मद अरशद घोसी ने न्यायालय के समक्ष मजबूती से पैरवी की। न्यायालय ने समस्त साक्ष्यों, पीड़िता के बयानों और दोनों पक्षों की दलीलों के आधार पर 11 अप्रैल 2026 को आरोपी मनोहर को 20 वर्ष के सश्रम कारावास और 2,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में दोषी को छह माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा।

### शादी में गया था, सड़क पर पड़ा मिला

**उज्जैन।** शादी में गया एक बुजुर्ग सड़क पर पड़ा मिला। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक का नाम सेवाराम पिता दयाराम प्रजापत (54) निवासी ढाबलादूता, भैरवगढ़ है। वह शुक्रवार को पास के गांव में गोविंद पटेल के यहां आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया था लेकिन रातभर घर नहीं लौटा। सुबह गांव में रहने वाला ईश्वर खेत में पानी देने जा रहा था तो उसे सेवाराम सड़क पर पड़ा मिला। इसके बाद ईश्वर ने उसके परिजनों को सूचना दी। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। संभवत-हार्टअटैक से उसकी मौत हुई है। हालांकि, सही कारणों का पता पीएम रिपोर्ट आने के बाद चल सकेगा।

## अनंत नगर में रुपयों के लेनदेन के विवाद में युवक की निर्मम हत्या

- पति-पत्नी और पुत्र की तलाश, भाई ने दर्ज कराई शिकायत

**उज्जैन। शहर में अपराधों को ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है। हालांकि पुलिस इसे कम करने में लगी हुई तो है। लेकिन विवादों हो ही नहीं ऐसे प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। इसी क्रम में लेनदेन के विवाद में रविवार दोपहर युवक की हत्या कर दी गई। घटना के बाद पुलिस ने पति-पत्नी और पुत्र की तलाश शुरू की है। भाई की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है।**

चिमनगंज थाना क्षेत्र के अनंत नगर में रहने वाले राम पिता अशोक कुमावत 40 साल की रविवार दोपहर भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के भदेड मोहल्ला में लोहे की रॉड से हमला कर हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंचे। मृतक का भाई बंटी और मां कुसुम बाई मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस जांच के दौरान भाई बंटी ने बताया कि हत्या रामेश्वर उसकी पत्नी प्रेमलता और पुत्र दुर्गेश ने की है। राम पर हमला करने के बाद प्रेमलता नहीं उन्हें कॉल कर बताया था। भाई का कहना था कि राम ने कुछ समय पहले रामेश्वर को रुपए उधार दिए थे। रामेश्वर की पत्नी प्रेमलता उनके यहां साफ सफाई का काम करती है। राम लगातार रुपए वापस लौटने का बोल रहा था। सुबह रामेश्वर ने कॉल कर रुपए देने के लिए घर बुलाया था। राम बाइक से भैरवगढ़ पहुंचा था। पुलिस ने रामेश्वर उसकी पत्नी और पुत्र की तलाश शुरू की लेकिन तीनों फरार हो चुके थे। राम की लाश भी रामेश्वर के घर के बाहर पड़ी थी। एसआई शोभराम किरार ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज किया गया है। तीनो आरोपित की तलाश जारी है। घटनाक्रम उधार दिए रुपयों को लेकर होना सामने आया है।

### मुरम डालने के विवाद में 2 युवकों को मारे चाकू

उज्जैन। विक्रम नगर उद्योगपुरी में दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए और एक पक्ष ने चाकूबाजी करते हुए दो युवकों को घायल कर दिया। ग्राम मोर खेड़ी में रहने वाला पवन पिता हीरालाल जाट डंपर पर ड्राइवरी करता है शाम को ग्राम पिपलोदा द्वारकाधीश में रहने वाला कुलदीप बना और मुनीम वीरेंद्र सिंह के साथ विक्रम नगर उद्योगपुरी गया था। जहां उनकी साईड पर अर्पित गौड़ निवासी शंकरपुर अपने साथियों के साथ डंपर से मुरम डाल रहा था। पवन ने उसके डंपर रोक लिए और ड्राइवर से कहा कि साइड उनकी है जिसको लेकर विवाद हुआ और मामला नरवर थाने तक पहुंचा। यहां भी उनके बीच विवाद शुरू हो गया इसी बीच अर्पित गौड़ ने चाकू निकालकर हमला कर दिया। घायल पवन के अनुसार उसे दोनों पैरों में चाकू लगे हैं। वहीं उसका साथी दुर्गेश बीच बचाओ करने आया तो अर्पित ने उसकी पीठ में चाकू घोंप दिये। थाने के बाहर हुई चाकू बाजी की जानकारी लगते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और रात में घायलों को अस्पताल पहुंचाया पवन जाट की शिकायत पर अर्पित और उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

### अचानक बिगड़ी तबीयत, इलाज के दौरान मौत

**उज्जैन।** दोस्तों के साथ भगवान महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन आए महाराष्ट्र के युवक की शनिवार को अचानक तबीयत बिगड़ी। दोस्तों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती करवाया जहां उसकी रात में मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक अनित पिता विष्णु रामानय (45 निवासी देवल गांव (महाराष्ट्र) शुक्रवार को अपने दोस्तों के साथ भगवान महाकाल के दर्शन और उज्जैन घूमने के लिए आया था। शनिवार को अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई दोस्तों ने उसे अवंति हॉस्पिटल में भर्ती किया जहां रात में इलाज के दौरान मौत हो गई।

## समाज को आगे बढ़ाने के लिए मदद नहीं, संसाधनों की आवश्यकता

**उज्जैन।** दुर्गा सशक्त भाव वेलफेयर सोसायटी द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक, खेल, परंपराओं और धार्मिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। मप्र सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ आईपीएस एवं डायरेक्टर एमएचए वीरेंद्र मिश्रा ने कहा कि किसी समाज या उपेक्षित व कमजोर व्यक्ति को उन्नति के मार्ग पर ले जाने के लिए मदद से ज्यादा संसाधनों की आवश्यकता है।



उन्होंने कहा कि अवसर विशेष पर एक समय का भोजन कराने के बजाय किसी संस्था या व्यक्ति को संसाधन उपलब्ध कराएं। पद के साथ मद और गुरूर भी आता है, इससे बचना चाहिए। भारत के पास जो शक्ति है वह विश्व में किसी के पास नहीं है, जरूरत इस बात की है कि हम अपनी ताकत को पहचानें। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. अर्पण भारद्वाज और डॉ. सतविंदर कौर सलूजा उपस्थित थीं। सोसायटी की अध्यक्ष दुर्गेश नंदनी शर्मा ने संस्था की जानकारी दी। भावना जोशी ने रामधुन की प्रस्तुति दी और सचिव दीपा बजाज ने आभार व्यक्त किया।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

कार्यक्रम में आदिवासी नृत्य, शस्त्र प्रदर्शन, दुर्गा शक्ति नृत्य और मुकुंद झाला ग्रुप द्वारा जम्प रोप की शानदार प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर डॉ. एचपी सोनानिया, चित्रेश शर्मा, अदिति शर्मा, आदित्य शर्मा, दिलीप यादव, जीत राजपूत, नीतेंद्र साबले और श्रीकुंवर चावड़ा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अमित शर्मा व अनामिका शर्मा ने किया।

## माली समाज का सामूहिक विवाह समारोह आज

- क्षत्रिय मारवाड़ी माली समाज की एक सराहनीय पहल

**उज्जैन।** क्षत्रिय मारवाड़ी माली समाज की एक सराहनीय पहल सामने आई है। आज 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर समाज का भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

मांगलिक आयोजन में समाज के 10 जोड़े परिणय सूत्र में बंधकर नए जीवन की शुरुआत करेंगे। आदर्श सामूहिक विवाह समिति के सचिव मनोहर गेहलोत ने बताया कि इस आयोजन के संयोजक हिम्मत बागड़ी, अध्यक्ष विष्णुकुमार सांखला और अध्यक्ष मोती भाटी के मार्गदर्शन में पूरा कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। आज चल समारोह एवं गंगाजल कलश यात्रा का आयोजन होगा। यात्रा में समाज की महिलाएं गंगाजल से भरे कलश धारण कर मंगल गान करेंगी। वहीं दोपहर 12 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पाणिग्रहण संस्कार शुरू होंगे। शाम 4 बजे नवदंपत्तियों का विदाई समारोह आयोजित किया जाएगा। आयोजन में मंगल कछावा, मनोहर गेहलोत, पुखराज भाटी, प्रवीण गेहलोत ने समाजजनों से अपील की है कि वे इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लें और इसे यादगार बनाएं। जानकारी प्रभारी धर्मेंद्र भाटी ने दी।

**अक्षय तृतीया पर संन्यास** ▶ मौन तीर्थ गंगा घाट पर अक्षय तृतीया पर हुआ आयोजन, महामंडलेश्वर सुमनानंद गिरि से ली दीक्षा

## प्रयाग कुंभ से चर्चा में आई मॉडल हर्षा रिछारिया ने उज्जैन में लिया संन्यास

**उज्जैन।** प्रयागराज महाकुंभ से चर्चा में आई मॉडल हर्षा रिछारिया ने रविवार को उज्जैन में अक्षय तृतीया पर संन्यास ले लिया। हर्षा ने उज्जैन के मंगलनाथ मार्ग पर श्री मौनी बाबा आश्रम गंगा घाट पर पंचायती निरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी सुमनानंद गिरि महाराज से दीक्षा लेकर संन्यास ग्रहण किया।

हर्षा ने उन्हें शिखा और दंड त्याग की विधि की। खुद का तर्पण और पिंडदान कर श्राद्ध कर्म किया जो पूर्व जीवन के त्याग और नए आध्यात्मिक जीवन की शुरुआत का प्रतीक हैं। संन्यास के बाद हर्षा का नया नाम स्वामी हर्षानंद गिरि हो गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वह अब अपना जीवन समाज सेवा में समर्पित संन्यास की मर्यादा का पालन करेंगी।





### पिता कंडक्टर, मां का बुटीक, खुद करती थी एंकरिंग

हर्षा रिछारिया उत्तर प्रदेश के झांसी की रहने वाली है। पिता दिनेश बस कंडक्टर और मां किरण रिछारिया बुटीक चलाती हैं। भाई कपिल प्राइवेट जॉब में है। वर्तमान में पूरा परिवार भोपाल में है। अध्यात्म से पहले हर्षा स्टेज पर एंकरिंग और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर का कार्य करती थी। इंस्टाग्राम और फेसबुक पर उनके लाखों फॉलोअर्स हैं। वे निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि महाराज की शिष्या भी हैं।

## सेमीफाइनल की टीमें तय, होगा खिताबी मुकाबला

- बाउंड्री के बाहर कैच लपकने पर दर्शकों को मिला नकद इनाम

**उज्जैन।** क्षीरसागर स्टेडियम में भूरेलाल फिरोजिया सामाजिक एवं शोध संस्थान द्वारा आयोजित फिरोजिया ट्रॉफी 2026 अखिल भारतीय रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता अब अपने अंतिम पड़ाव पर है।

शनिवार को खेले गए बेहद रोमांचक मुकाबलों में बंगाल, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश की टीमों ने दम दिखाया। शानदार प्रदर्शन के आधार पर शिवम कंप्यूटर प्रिंस 11 जयपुर (राजस्थान), प्रिंस 11 ओराई (उत्तर प्रदेश) और अंकल 11 बांदा (मध्य प्रदेश) की टीमों ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। प्रतियोगिता के अंतिम दिन दो सेमीफाइनल और उसके बाद महामुकाबला यानी फाइनल खेला जाएगा। शनिवार के मैचों के दौरान रवि सोलंकी, कमल बैरवा, सतीश सिंदल, हर्ष राठौर और कल्याण शिवहरे उपस्थित रहे।



### फाइनल के विजेता को 5 लाख 51 हजार देंगे

फाइनल के विजेता को 5 लाख 51 हजार और उपविजेता को 2 लाख 51 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को मैन ऑफ द सीरीज के रूप में मोटरसाइकिल मिलेगी।